an>

Title: Regarding implementation of Golden Quadilateral Project in Silchar, Assam.

डॉ. राजदीप राय (सिल्चर): अध्यक्ष महोदय, अटल जी का एक सपना पूरे भारत को सड़क के माध्यम से गोल्डन क्वाड्रिलेटरल से जोड़ने का था । उसमें उनका प्लान था कि सिल्चर से सौराष्ट्र का एक फोर लेन एक्सप्रेस-वे हो । वर्ष 2004 में सिल्चर में उसका शिलान्यास हुआ था । भारतवर्ष के लोगों ने वर्ष 2004 में जो निर्णय लिया था, उसका असर सिल्चर के लोगों पर पड़ा । वर्ष 2004 से 2014 तक उस रास्ते का कोई काम नहीं हुआ और उसमें दो अड़चनें आईं । उसमें वाइल्ड लाइफ की कोई क्लीयरेंस नहीं मिली । वर्ष 2007 या 2008 में तब की राज्य सरकार और केंद्र सरकार के माध्यम से एक नोटिस आया कि वाइल्ड लाइफ का क्लियरेंस नहीं है और फारेस्ट का भी क्लियरेंस नहीं है । अभी दो-तीन साल पहले वह क्लियरेंस का मामला हट गया है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि सिल्चर से हॉफलॉंग या नौगांव होते हुए गुवाहटी का रास्ता 410 किलोमीटर के करीब है । उसमें पैकेज नम्बर 21 है, जो बालाछोड़ा से हरंगाजाओ का रास्ता 31 किलोमीटर है, जिसमें कि प्रोब्लम है, उसका स्टेटस क्या है । आज के समय वहां लोगों को बहुत परेशानी हो रही है । वहां मानसून सीज़न चल रहा है । आपके माध्यम से मैं मंत्री जी से वहां के स्टेटस के बारे में जानना चाहता हूं ।